# □□□□□□□□□ □□□□ for PT-1 (2022-2023)

## SUBJECT: HINDI GRADE: SEVEN

## पाठ्य पुस्तक : वसंत भाग - 2 पाठ 1,2 & 3

## बाल महाभारत कथा: पाठ 1 से 5

## व्याकरण **गुलमोहर** : पाठ 1, 2 & 3 और अपठित गद्यांश

## **रचनात्मक लेखन – अनौपचारिक पत्र , अनुच्छेद लेखन और चित्र वर्णन**

---------------------------------------------

पाठ - 1 □हम पंछी उन्मुक्त गगन के□(**कविता** )

निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

प्र.**1)** कविता में पक्षियों की किस इच्छा को व्यक्त किया गया है**?**

(क) सोने की कटोरी में भोजन करने की |
(ख) खुले आसमान में उड़ने की |
(ग) पिंजरे में रहने की |
(घ) इनमें से कोई नहीं |

प्र.2) पक्षियों की चोंच की तुलना किससे की गई है **?**

(क) नीले नभ से |
(ख) अनार के दानों से |
(ग) सोने की सलाखों से |
(घ) सूर्य की लाल किरणों से |

प्र.3) कटुक - निबौरी का अर्थ है **-**

(क) पेड़ की शाखा |
(ख) नीम के पेड़ का फल |
(ग) नींबू |
(घ) इनमें से कोई नहीं |

प्र.4) तारक अनार के दाने का अर्थ है?

(क)अनार के दानों रूपी आसमान के तारे |

(ख)लाल अनार के दाने |

(ग)बड़े अनार के दाने |

(घ)छोटे-छोटे अनार के दाने |

प्र.5) पक्षियों को सोने की कटोरी में रखा भोजन भी अच्छा क्यों नहीं लगता ?

(क)क्योंकि वह भोजन स्वादिष्ट नहीं था |

(ख)क्योंकि पक्षियों को भूख नहीं थी |

(ग)क्योंकि पक्षियों को वह भोजन बंधन में मिल रहा था |

(घ)इनमें से कोई नहीं |

प्र.6) ‘ नभ की सीमा पाने’ शब्दों का आशय है -

(क)तेजी से उड़ने की इच्छा

(ख)आकाश की ऊँचाइयों को छूने की इच्छा

(ग) आकाश के पास जाने की इच्छा

(घ) इनमें से कोई नहीं

**प्र**.7) घोंसला ना मिलने पर भी पक्षी कैसे खुश रहेंगे ?

(क) पेड़ों पर रहकर

(ख)ऊँची उड़ान भरकर

(ग)नए घोंसले बनाकर

(घ) खूब खा पीकर

प्र.8) ‘आकुल उड़ान’ शब्द से क्या तात्पर्य है ?

(क) व्याकुल होकर उड़ना

(ख)अंधाधुंध उड़ना

(ग) उड़ने की अधीरता

(घ) धीरे-धीरे उड़ना

लघु उत्तरीय प्रश्न

1.सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं करना चाहते?

2.पक्षी यह क्यों कहता है कि वह दिनभर पिंजरे में बंद होकर नहीं जी सकता ?

3.पक्षी नदी का बहता जल पीना क्यों पसंद करते हैं?

4.पक्षी कटोरी में रखी मैदा खाने की अपेक्षा कड़वी निबौरी क्यों खाना चाहता है?

5. पिंजरे में पंख फैलाने पर पक्षियों की क्या दशा होगी**?**

**6. कविता में पंछी क्या याचना कर रहे हैं ?**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1.किसी भी प्राणी की स्वतंत्रता का हनन करना पाप है| कैसे ?

2.यदि आपको सभी सुख सुविधाएँ देकर एक कमरे में बंद कर दिया जाए तो आप कैसा महसूस करेंगे ? **(V B Q )**

3. हम पंछी उन्मुक्त गगन के कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए|

**पठित बोध -**

**हम पंछी उन्मुक्त गगन के**
**पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,**
**कनक-तीलियों से टकराकर**
**पुलकित पंख टूट जाएँगे।**
**हम बहता जल पीनेवाले**
**मर जाएँगे भूखे-प्यासे,**
**कहीं भली है कटुक निबौरी**
**कनक-कटोरी की मैदा से।**

1. **पक्षी किस रूप में रहना चाहते हैं?**
   (क) व्याकुल
   (ख) पिंजरे में बंद
   (ग) उन्मुक्त
   (घ) पुलकित
2. **पिंजरे में रहकर पक्षी क्या नहीं कर पाएंगे?**
   (क) गा नहीं पाएँगे
   (ख) उड़ नहीं पाएंगे
   (ग) कुछ खा नहीं पाएँगे
   (घ) उपर्युक्त सभी

3. **सोने का पिंजरा भी पक्षियों को क्यों नहीं पसंद आता है?**
(क) वे तो खुले आसमान में उड़ना चाहते हैं
(ख) क्योंकि उनकी आज़ादी छिन जाती है
(ग) क्योंकि वे कैदी के रूप में नहीं रहते
(घ) उपर्युक्त सभी

4. **'कनक' शब्द का अर्थ है-**
(क) चाँदी
(ख) पीतल
(ग) सोना
(घ) ताँबा

5. **कनक-तीलियों से टकरा-टकराकर क्या होगा ?**
(क) वे आसमान में उड़ने लगेंगे
(ख) पिंजरा टूट जाएगा
(ग) उनके पंख टूट जाएँगे
(घ) उपर्युक्त सभी

## पाठ 2 - दादी माँ

निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

प्र.1) क्वार के दिन आते ही लेखक को क्या लगने लगता है ?

(क) खेलकूद के दिन आ गए
(ख) गाँव के चारों ओर पानी हिलोरे ले रहा है
(ग) चारों ओर बदबू फैल गई
(घ) फसलें लहलहा लगी

प्र.2) दादी माँ को संसार कैसा प्रतीत होता था ?

(क) स्वार्थी
(ख) धोखे की टट्टी
(ग) सुखदाई
(घ) दुखदाई

प्र.3) गाँव के लड़के क्वार के दिनों में क्या करते थे?

(क) चिउड़ा और गुड़ खाते थे |

(ख) झाग भरे जल में कूदते थे |

(ग) मित्रों को छुट्टियों की जानकारी देते थे |

(घ) बीमार होकर पड़े रहते थे|

प्र.4) दादी माँ के बालों के रंग की समानता किससे की गई है?

(क) बादल से सफेद

(ख) रूई से सफेद

(ग) सन से सफेद

(घ) बर्फ से सफेद

प्र.5) दादी माँ ने संदूक खोलकर चमकती -सी चीज निकालकर किसे दी ?

(क) लेखक को

(ख) लेखक के पिता को

(ग) किशन भैया को

(घ) रामी की चाची को

प्र.6) दादी माँ पाठ से क्या शिक्षा मिलती है?

(क) हमें बड़ों की बात नहीं माननी चाहिए |

(ख) हमें बड़ों की सलाह के अनुसार चलना चाहिए|

(ग) हमें अपनी ही मनमानी करनी चाहिए |

(घ) दिए गए सभी |

प्र.7) 'शुभचिंतक' से आपका क्या तात्पर्य है?

(क) दूसरों का भला चाहने वाला

(ख) दूसरों को हरा देने वाला

(ग) दूसरों का हमेशा बुरा चाहने वाला

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.8) 'एक काम अपने हाथ से ना करूं तो होने वाला नहीं'यह वाक्य किसने कहा ?

(क) दादी माँ ने

(ख) लेखक ने

(ग) लेखक के भैया ने

(घ) लेखक के पिताजी ने

लघु उत्तरीय प्रश्न

**1.** दादी माँ पाठ किसकी झलक दिखाता है?

**2.** कुनैन मिक्सचर किस काम आता था ?

3. महामारी जा विशुचिका के दिनों में दादी माँ क्या करती थी?

4. दादी ने रामी की चाची को उऋण क्यों किया ?

5. दादी माँ उदास क्यों रहती थी ?

6. अचानक लेखक को कौन- सा पत्र मिला ?

कॉलम 'अ' और कॉलम 'ब'का मिलान कीजिए-

| कॉलम 'अ' | कॉलम 'ब' |
|---|---|
| 1.गाँव के चारों ओर पानी का हिलोरे लेना | लवंग, गुड -मिश्रित जलधार |
| गूगल और धूप | |
| 2.चिउड़ा और गुड | वंश की निशानी |
| 3.ज्वर | क्वार |
| 4.मलेरिया ,सरसामा, निमोनिया | ऋण |
| 5. कंगन | कुनैन मिक्सचर |
| 6.शादी के अभियन | अगहन |
| 7. पिता की परेशानी | विवाह से पुत्रोत्पत्ति तक |
| 8.शाप भ्रष्ट देवी | दादी माँ |

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-

1. ‘पुराने लोग आगा- पीछा सब सोच लेते थे बेटा’ कथन के द्वारा दादी माँ ने किन मूल्यों की सीख दी है?
2. गाँव में किसी के बीमार होने पर दादी माँ उसकी सेवा किस प्रकार करती थी?
3. बदलते परिवेश में बुजुर्गों की क्या स्थिति है? वर्तमान समय में इस बदलते स्वरूप में परिवर्तन लाने के लिए आप क्या प्रयास करेंगे ?**(VBQ)**
4. स्पष्ट कीजिए कि दादी माँ का चरित्र नारियल की भाँति था | उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें |

**पठित बोध –**

किशन के विवाह के दिनों की बात है। विवाह के चार-पाँच रोज़ पहले से ही औरतें रात-रातभर गीत गाती हैं। विवाह की रात को अभिनय भी होता है। यह प्रायः एक ही कथा का हुआ करता है, उसमें विवाह से लेकर पुत्रोत्पत्ति तक के सभी दृश्य दिखाए जाते हैं-सभी पार्ट औरतें ही करती हैं। मैं बीमार होने के कारण बारात में न जा सका। मेरा ममेरा भाई राघव दालान में सो रहा था (वह भी बारात जाने के बाद पहुँचा था)। औरतों ने उस पर आपत्ति की।

**1.गाँव में विवाह के समय क्या रिवाज़ था?**

**2. किसकी शादी की बात का उल्लेख है?**

**3. दालान में कौन सो रहा था और क्यों ?**

**4. लेखक और उसका ममेरा भाई बारात में क्यों नहीं गए?**

**5.पुत्रोत्पत्ति’ का संधि-विच्छेद कीजिए।**

दिन काफ़ी चढ़ आया है। पास के लंबे खजूर के पेड़ से उड़कर एक कौआ अपनी घिनौनी काली पाँखें फैलाकर मेरी खिड़की पर बैठ गया। हाथ में अब भी किशन भैया का पत्र काँप रहा है। काली चींटियों-सी कतारें धूमिल हो रही हैं। आँखों पर विश्वास नहीं होता। मन बार-बार अपने से ही पूछ बैठता है- ‘क्या सचमुच दादी माँ नहीं रहीं?’

1. **लेखक को क्या अपशकुन लगा?**
2. **लेखक के हाथ में पत्र क्यों काँप रहा था?**
3. **लेखक को किस पर विश्वास नहीं हो रहा था ?**
4. **लेखक के घर की खिड़की पर कौन आकर बैठ गया?**

5. **पाठ एवं लेखक का नाम इखिए |**

## पाठ 3 - हिमालय की बेटियाँ

# निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

प्र.1) लेखक नदियों की धारा में डुबकी लगाते हुए किस की गोद का स्मरण किया करते थे ?

(क) माँ की गोद का

(ख) पिता की गोद का

(ग) माँ और दादी की गोद का

(घ) चाची और नानी की गोद का

प्र.2) हिमालय की बेटियों की उछल कूद कहाँ गायब हो जाती है?

(क) समतल मैदानों में जाकर

(ख) घाटियों में जाकर

(ग) पहाड़ियों के बीच सघन वृक्षों से टकराकर

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.3) मेघदूत की प्रेयसी कौन है ?

(क) यक्ष

(ख) चंचल

(ग) बेतवा

(घ) नदियाँ

प्र.4) लेखक किस नदी के किनारे जाकर बैठ गए?

(क) गंगा नदी के

(ख) झेलम नदी के

(ग) सतलुज नदी के

(घ) यमुना नदी के

प्र.5) लेखक को चंचल नदियों को देखकर किस कवि की याद आ गई?

(क) यक्ष की

(ख) काका कालेलकर की

(ग) कालिदास की

(घ) सूरदास की

प्र.6) हिमालय के लिए लेखक ने कौन- सा विशेषण प्रयुक्त किया है ?

(क) ऊँचा

(ख) विशाल

(ग) बुड्ढा

(घ) पथरीला

प्र.7) लेखक ने नदियों की तुलना कैसी महिला से की है?

(क) प्रेममयी

(ख) ममतामयी

(ग) संभ्रांत

(घ) लज्जाशील

प्र.8) 'हिमालय की बेटियाँ' पाठ में **किन दो विशेष नदियों की बात की गई है ?**

(क) सिंधु और नर्मदा

(ख) सिंधु और कावेरी

(ग) सिंधु और ब्रह्मपुत्र

(घ) सिंधु और यमुना

## लघु उत्तरीय प्रश्न

1.लेखक ने सागर का हिमालय के क्या रिश्ता तय किया और क्यों ?

2. किन नदियों को 'नद' का नाम दिया गया है और क्यों ?

**3.**मैदानी भागों में रहने वाले नदियों के बारे में कौन –सी बात नहीं सोच सकते ?

**4.** लेखक ने किस नदी के साथ बहन का रिश्ता जोड़ा है और कैसे ?

5. धार्मिकता के आधार पर किन्ही तीन नदियों के नाम बताइए |

## रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

1. लेखक को नदियों.............. ,......... और अपने आप में खोई हुई लगती थीं |
2. वे.......... महिला की भांति प्रतीत होती थीं |
3. लेखक ने नदियों की तुलना........... से की है |
4. हिमालय से निकलने के बाद उत्तर में विराट ........... छा जाता था |
5. सिंधु और ब्रह्मपुत्र दयालु हिमालय के पिघले हुए ........ से निर्मित हैं |
6. काका कालेलकर ने नदियों को .......... माना है |

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. लेखक को किस की बाललीला देखकर विस्मय होता है और क्यों ?
2. नदियों को माँ मानने वाले भारतीय समाज में नदियों की दुर्दशा को रोकने के लिए हमारे क्या कर्तव्य होने चाहिए ?(□□□)
3. यदि सिंधु और ब्रह्मपुत्र स्वयं कुछ नहीं तो फिर वे क्या हैं? स्पष्ट करें |

## पठित बोध

इस बार जब मैं हिमालय के कंधे पर चढ़ा तो वे कुछ और रूप में सामने थीं। मैं हैरान था कि यही दुबली-पतली गंगा, यही यमुना, यही सतलुज समतल मैदानों में उतरकर विशाल कैसे हो जाती हैं ! इनका उछलना और कूदना, खिलखिलाकर लगातार हँसते जाना, इनकी यह भाव-भंगी, इनका यह उल्लास कहाँ गायब हो जाता है मैदान में जाकर? किसी लड़की को जब मैं देखता हूँ, किसी कली पर जब मेरा ध्यान अटक जाता है, तब भी इतना कौतूहल और विस्मय नहीं होता, जितना कि इन बेटियों की बाललीला देखकर!

**1.'मैं' शब्द किसके लिए आया है?**

(क) हिमालय के लिए

(ख) नदियों के लिए

(ग) पहाड़ के लिए

(घ) लेखक के लिए

**2.हिमालय के कंधे पर चढ़ना' का अर्थ है-**

(क) हिमालय की चढ़ाई चढ़ने की कोशिश

(ख) हिमालय की ऊँचाई पर चढ़ना

(ग) हिमालय के बीचोबीच जाना

(घ) हिमालय के किनारे पर जाना हिमालय की बेटियाँ

**3.हिमालय की चढ़ाई पर चढ़कर जब लेखक ने नदियों की देखा तो कैसी लगी?**

(क) सकरी

(ख) लंबी-चौड़ी

(ग) फैलाव लिए हुए

(घ) दुबली-पतली

**4.लेखक ने नदियों को हिमालय की बेटियों की संज्ञा क्यों दी?**

(क) क्योंकि नदी शब्द स्त्रीलिंग है

(ख) लेखक नदियों को हिमालय की बेटियाँ मानता है

(ग) हिमालय से निकलने के कारण हिमालय उसे नदियों का पिता लगता है

(घ) वे बाल लीलाएँ कर रही थीं

**5. इनमें से गद्यांश के पाठ और लेखक के नाम हैं -**

(क) कठपुतली-भवानी प्रसाद मिश्र

(ख) फूले कदंब-नागार्जुन

(ग) दादी माँ-शिव प्रसाद सिंह

(घ) हिमालय की बेटियाँ-नागार्जुन

कहाँ ये भागी जा रही हैं? वह कौन लक्ष्य है जिसने इन्हें बेचैन कर रखा है? अपने महान पिता का विराट प्रेम पाकर भी अगर इनका हृदय अतृप्त ही है तो वह कौन होगा जो इनकी प्यास मिटा सकेगा! बरफ़ जली नंगी पहाड़ियाँ, छोटे-छोटे पौधों से भरी घाटियाँ, बंधुर अधित्यकाएँ, सरसब्ज उपत्यकाएँ-ऐसा है इनका लीला निकेतन! खेलते-खेलते जब ये ज़रा दूर निकल जाती हैं तो देवदार, चीड़, सरो, चिनार, सफ़ेदा, कैल के जंगलों में पहुँचकर शायद इन्हें बीती बातें याद करने का मौका मिल जाता होगा।

**1.नदियों के भागने का कारण क्या है?**

**2. नदियों की बाललीला कहाँ देखी जा सकती है?**

**3. तेज़ वेग से बहती नदियों को देखकर लेखक के मन में क्या विचार उठा?**

**4. इन्हें (नदियों को )कब बीती बातें याद करने का मौका मिलता होगा?**

**5. हिमालय का चित्रण किस रूप में किया गया है? वह क्या करता होगा?**

## महाभारत कथा

## पाठ 1 से 5

निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

प्र.1) शांतनु ने किस युवती के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा**?**

(क) गंगा (ख) कुंती (ग) माधुरी घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.2) आठवें पुत्र को जब गंगा नदी में फेंकने गई तो शांतनु ने क्या कहा?

(क) इसे मत बहाओ

(ख) कुछ शर्म करो

(ग) इस तरह नादान बच्चों को अकारण मारना तुम्हें शोभा नहीं देता

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.3) गंगा के आठवें पुत्र का नाम क्या था ?

(क)गंगेय (ख) देवदास (ग) देवव्रत (घ) अन्य

प्र.4) सत्यवती ने शांतनु को विवाह हेतु किसकी अनुमति लेने के लिए कहा?

(क) उसके पिता (ख) उसके भाई (ग) उसकी माँ (घ) उसके दादा

प्र.5) आजीवन ब्रह्मचारी रहने की प्रतिज्ञा किसने ली?

(क) देवव्रत (ख) शांतनु (ग) चित्रांगद (घ) विचित्रवीर्य

प्र.6) केवटराज ने देवव्रत के समक्ष विवाह की प्रमुख शर्त क्या रखी थी ?

(क) शांतनु के बाद राजगद्दी देवव्रत को मिले

(ख) शांतनु के बाद राजगद्दी केवट राज को मिले

(ग) शांतनु के बाद राजगद्दी सत्यवती के पुत्र को मिले

(घ) शांतनु के बाद राजगद्दी दान में दी जाए

प्र.**7**) शांतनु के पश्चात् हस्तिनापुर के सिंहासन पर कौन बैठा ?

(क)देवव्रत(ख)शांतनु पुत्र चित्रांगद (ग) शांतनु की पत्नी गंगा (घ) शांतनु पत्नी सत्यवती

प्र.**8**) पांडु किसके पुत्र थे ?

(क) विचित्रवीर्य (ख) धृतराष्ट्र (ग) शांतनु (घ) चित्रांगद

प्र.**9**) कुंती के पुत्रों के नाम लिखिए |

(क) युधिष्ठिर, अर्जुन ,भीम (ख) युधिष्ठिर ,नकुल ,भीम (ग) भीम, अर्जुन, सहदेव

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.**10**) कौरवों को कौन- सा राज्य मिला ?

(क) हस्तिनापुर (ख) अयोध्या (ख) मथुरा (घ) इंद्रप्रस्थ

प्र.**11**) अंबा ने दिल ही दिल किसे अपना पति मान लिया था ?

(क) गंगापुत्र भीष्म (ख) सौभदेश के नरेश शाल्व (ग) विचित्रवीर्य (घ) चित्रांगद

प्र.**12**) शाल्व ने अंबा से विवाह क्यों नहीं किया ?

(क) क्योंकि भीष्म ने अंबा का अपहरण करके शाल्व को हराया था |

(ख) उसे अंबा के व्यक्तित्व पर शक था |

(ग) वह भीष्म के माध्यम से विवाह नहीं करना चाहता था |

(घ) उसने अपने पिता को अंबा से विवाह ना करने का वचन दिया था |

प्र.**13**) भीष्म पितामह ने शिखंडी से युद्ध क्यों नहीं किया ?

(क) वह बहुत शक्तिशाली था |

(ख) वे जानते थे कि शिखंडी अंबा है |

(ग) भीष्म पितामह घायल थे |

(घ) भीष्म पितामह ने धनुष ना उठाने की कसम खाई थी |

प्र.**14**) विदुर किस क्षेत्र में विद्वान थे ?

(क) धर्मशास्त्र व राजनीति

(ख) गणित

(ग) अर्थशास्त्र रसायन विज्ञान

(घ) धर्मशास्त्र गणित व राजनीति

प्र.**15**) विदुर कौन थे ?

(क)विचित्रवीर्य के भाई

(ख)अंबालिका के पुत्र

(ग) अंबालिका के दासी के पुत्र

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.16) पृथा किसकी पुत्री थी?

क) राजा शूरसेन की

ख) युधिष्ठिर की

ग) भीष्म की

घ) विचित्रवीर्य की

प्र.17) पृथा का अन्य नाम क्या था?

क) अंबालिका

ख) कुंती

ग) अंबा

घ)द्रौपदी

प्र.18) कुंती को पुत्र प्राप्ति किससे हुई?

क) सूर्य से

ख) देवताओं से

ग) चाँद से

घ) सभी नक्षत्रों के योग से

प्र.19) कर्ण का लालन-पालन किसने किया?

क)मामा शकुनि ने

ख) ध्रतराष्ट्र ने

ग) अधिरथ नामक सारथी ने

घ) पांडु ने

प्र.20) कुंती ने पति की मृत्यु के बाद क्या किया?

क) वन को चली गई

ख) गंगा किनारे रहने लगी

ग) हस्तिनापुर आकर अपने पुत्रों को पितामह भीष्म को सौंप दिया।

घ) सन्यास ले लिया।

किसने किससे कहा-

1. 'मेरे पिता से अनुमति ले लीजिए | फिर मैं आपकी पत्नी बनने के लिए तैयार हूँ |'
2. 'मैं जीवनभर विवाह नहीं करूँगा! आजीवन ब्रह्मचारी रहूँगा !'
3. 'इस अंतिम बालक को मैं कुछ दिन पालूँगी और फिर पुरस्कार के रूप में आपको सौंप दूंगी |'
4. 'सारे राजकुमारों के सामने भीष्म ने मुझे युद्ध में पराजित किया और तुम्हें बलपूर्वक हरण करके ले गए ........'
5. 'राजन ,मुझे आपका यह काम ठीक नहीं जँचता |इस खेल के कारण आपके बेटों में आपस में वैरभाव बढ़ेगा |..........'
6. 'कुंतिभोज - कन्ये , तुम किसी भी देवता का ध्यान करोगी तो वह अपने ही समान एक तेजस्वी पुत्र तुम्हें प्रदान करेगा |'

लघु उत्तरीय प्रश्न

**1.**गंगा और शांतनु के बीच क्या समझौता हुआ था और कैसे ?

2.शांतनु द्वारा गंगा की शर्त मान लेने का परिणाम क्या हुआ ?

3.सत्यवती कौन थी ? राजा शांतनु ने उसे कहाँ देखा था ?

4.चित्रांगद की मृत्यु कैसे हुई ? उनके बाद हस्तिनापुर की राजगद्दी पर कौन बैठा ?

5.भीष्म ने विदुर किस पद पर नियुक्त किया था और क्यों ?

6. धृतराष्ट्र की कमज़ोरी क्या थी ?

7.अंबा शिखंडी कैसे बन गई ?

8.शूरसेन कौन थे और उनकी पुत्री का नाम क्या था ?

## व्याकरण भाग

### पाठ - 1 भाषा और व्याकरण

प्र.**1** यदि भाषा न होती तो

(क) हम गूंगे होते

(ख) इशारों से सब बातें करते

(ग) विचारों का सही आदान -प्रदान न हो पाता

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.2 किस भाषा को हिंदी की जननी माना जाता है?

(क)मराठी

(ख)संस्कृत

(ग)नेपाली

(घ) कोंकणी

प्र.3 बोली का दायरा

(क) निश्चित होता है

(ख) सीमित होता है

(ग) विस्तृत होता है

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्र. 4 सही शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए |

1) लिखने की विधि _________कहलाती है|

(क)भाषा

(ख)बोली

(ग)लिपि

(घ) इनमें से कोई नहीं

2) भाषा की मूल इकाई _________ है|

(क)शब्द

(ख)वाक्य

(ग) वर्ण

(घ) बोली

3) _________भाषा के नियमों को जानकर उसे शुद्ध लिखना, पढ़ना एवं बोलना सिखाता है|

(क)पुस्तक

(ख) लेखन

(ग) व्याकरण शास्त्र

(घ) दिए गए सभी

4.भाषा क लिखित रूप देने के लिए ………… का निर्माण हुआ |

5.भारत की राष्ट्रभाषा ............ है |

प्र. 5 निम्नलिखित वाक्य सही है या गलत लिखिए|

(1)भाषा का लिखित रूप स्थायी होता है|

(क) सही

(ख) गलत

(2) बोली में साहित्य की रचना होती है|

(क) सही

(ख) गलत

(3) व्याकरण के नियमों पर ही भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान होता है|

(क) सही

(ख) गलत

(4) नेपाली भाषा की लिपि देवनागरी है|

(क) सही

(ख) गलत

**प्रश्नोत्तर –**

**1.उचरित एवं लिखित भाषा में क्या अंतर है स्पष्ट करें ?**

**2.व्याकरण शब्द से आपका क्या तात्पर्य है ?**

**3.व्याकरण को कितने भागों में विभाजित किया गया है उनके नाम लिखिए |**

## पाठ - 2

## ध्वनि,वर्ण एवं लेखन – व्यवस्था

प्र.1 य, र, ल ,व व्यंजन कहलाते हैं -

(क) ऊष्म व्यंजन

(ख) संयुक्त व्यंजन

(ग) अंत :स्थ व्यंजन

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.2 'त' वर्ग के वर्ण हैं -

(क) त, थ, द, ध, न

(ख) त, थ, ध , द, न

(ग) थ, त, द, ध, न

(घ) त, थ, द, न, ध

प्र .3 वर्ण संयोग कहते हैं -

(क) वर्णों के परस्पर संयोग को

(ख)केवल स्वरों के संयोग को

(ग)केवल व्यंजनों के संयोग को

(घ)केवल स्वर व व्यंजन के संयोग को

प्र.4 'श्र' बनता है -

(क) ष +र

(ख)श्+र्+अ

(ग)श्+र

(घ)इनमें से कोई नहीं

प्र**5**. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1. उच्चारण के आधार पर वर्णों के दो भेद----------- और --------- हैं |

(क) स्वर,व्यंजन

(ख) अल्पप्राण,महाप्राण

(ग) अयोगवाह, आगत स्वर व्यंजन

(घ) इनमें से कोई नहीं

2. क से म तक के व्यंजनों को------------ व्यंजन कहते हैं |

(क) ऊष्म व्यंजन

(ख) स्पर्श व्यंजन

(ग)अल्पप्राण व्यंजन

(घ) इनमें से कोई नहीं

3.सभी व्यंजन --------- की सहायता से बोले जाते हैं |

(क) अनुस्वार

(ख) स्वरों

(ग) ध्वनि

(घ) दिए गए सभी

4. विसर्ग का उच्चारण ------- की तरह होता है |

(क) म

(ङ) ह

(च) म,ह

(छ) इनमें से कोई नहीं

5. ट वर्ग का उच्चारण स्थान.................... है |

(क) मूर्धा (ख) तालु (ग)कंठ (घ) दंत

**7. संयुक्त व्यंजन ' क्ष , त्र ,ज्ञ ,श्र ' से तीन –तीन शब्द बनाएँ ।**

**8. अनुस्वार और अनुनासिका में अंतर स्पष्ट कीजिए |**

**9. विसर्ग किसे कहते हैं ?**

**10.आगत ध्वनियों से क्या तात्पर्य है उदाहरण देकर स्पष्ट करें ?**

## पाठ -3

## वर्ण- विच्छेद

**1.निम्नलिखित शब्दों का वर्ण- विच्छेद कीजिए –**

1.चित्रकार -
2. सामाजिक -
3.पृथ्वी -
4. अनिवार्य -
5. पर्वत -
6. संन्यासी -
7. धर्मग्रंथ -
8. झल्लाहट -
9.विज्ञानी -
10 . मित्र -

**2.निम्नलिखित वर्णों को मिलाकर शब्द लिखिए-**

(1) अँ+ ग् + अ + न् + आ

(2) अ + प् + अ + र् + ण् + आ

(3)इ + अनुस्वार + द्+उ

(4) उ + द् + ध् + आ + र्+ अ

(5) ऋ + ष् + इ

(6) ऐ + न् + अ +क्+ अ

(7) औ+ र् + अ + त् + अ

(1) क् + ऋ+ प् + आ
(2) ख् + अ + अनु० + ड् + अ

(10)च् + अ + अनु० + ड् + ई

(11) झ् + अ + ग् + अ + ड़्+ आ

(12) ठ्+अ +अनु० + ड् + आ +ई

(13)थ्+आ + ल् + ई

(14) अ + अनुस्वार + ग् + ऊ + र् + अ

(15) द् + ऋ + ष् + ट् + इ

(16) ध् +र् +उ+व्+ अ

(17)य् + अ +ज् + ज् +अ

(18)य् +उ+ ध्+ इ + ष् +ठ्+ इ+ र्+ अ

## अपठित बोध -

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

श्रम हमारे जीवन को गतिमान रखता है | यदि हम श्रम को नकारते हैं तो हमारे जीवन की गति रुक जाती है | हमारा जीवन आलस्य और उदासी से घिर जाता है | मन में निराशा उत्पन्न हो जाती है | हम भाग्यवादी बन जाते हैं | तब कोई भी कार्य मन से नहीं किया जाता | तुलसीदास जी कहते हैं **-** ‘ दैव- दैव आलसी पुकारा |’ आलसी व्यक्ति खुद कुछ नहीं करना चाहते और हर समय ईश्वर से सहायता की याचना करते हैं | लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि ईश्वर उसी की सहायता करते हैं , जो मेहनती होते हैं |

भारत के लोगों की लंबी गुलामी का कारण यही था कि यहाँ के निवासियों ने परिश्रम को भुला दिया था | लोग आलसी और निष्क्रिय हो गए थे | आज भी हम आलसी बने रहे तो फिर से अपनी आज़ादी खो देंगे | पर यदि हम परिश्रम करते रहे तो एक दिन भारत विकसित देश बन जाएगा |

(3) भारत के लोगों की लंबी गुलामी का कारण क्या था ?

(4) भारत विकसित देश कैसे बन सकता है ?

(5) हमारे जीवन की गति कब रुक जाती है?

(6) ईश्वर किसकी सहायता करते हैं ?

(7) ‘दैव-दैव आलसी पुकारा’ किसका कथन है ?

(8) आलसी व्यक्ति की क्या विशेषता बताई गई है ?

(9) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए |

2.**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए-**

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं |बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए |अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा ना हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए |बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है| अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच- समझकर करना चाहिए |शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता होता है, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है |

1. **शिक्षक होता है-**

**(क)** राजनेता

(ख) साहित्यकार

(ग) अभिनेता

(घ) कवि

2.**बातचीत में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना चाहिए -**

**(क)** अप्रचलित

(ख) प्रचलित

(ग) क्लिष्ट

(घ) रहस्यमई

3.**शिक्षक वर्ग को बोलना चाहिए**

**(क)** सोच- समझकर

(ख) ज्यादा

(ग) बिना सोचे समझे

(घ) तुरंत

4. **आदान-प्रदान शब्द में कौन- सा समास है** ?

**(क)** कर्मधारय समास

(ख) बहुव्रीहि समास

(ग) द्वंद्व समास

(घ) द्विगु समास

3. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए-**

बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है- रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितना अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं जनसंख्या उनके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृधि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

**(क)** बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है?
(i) दुर्गुणों को
(ii) अनेक प्रकार की समस्याओं को
(iii) दुर्भावनाओं को
(iv) अनेक प्रकार की विपदाओं को।

(ख) **विकास कार्य क्यों नहीं दिखाई देते ?**
(i) राजनीतिक अक्षमता के कारण
(ii) समस्याओं के कारण
(iii) भ्रष्टाचार के कारण
(iv) जनसंख्या की वृद्धि के कारण

(ग) **बढ़ती जनसंख्या ने इनमें से किस समस्या को जन्म नहीं दिया है?**
(i) रोटी कपड़े की समस्या
(ii) बेरोजगारी की समस्या
(iii) निरक्षरता की समस्या
(iv) दहेज की समस्या

(घ) **बढ़ती जनसंख्या के समक्ष कौन से प्रयास असफल दिखाई देते हैं?**
(i) सभी सरकारी प्रयास

(ii) सभी मानवीय प्रयास
(iii) सभी गैर-सरकारी प्रयास
(iv) सभी सामाजिक प्रयास

**(ङ) "नगण्य" शब्द का सही अर्थ है -**
(i) बहुत
(ii) थोड़ा
(iii) पर्याप्त
(iv) अपर्याप्त

4.**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए-**

गरमी के इस प्रकोप से अपने आपको बचाने के लिए मनुष्य ने उपाय खोज निकाले हैं। साधारण आय वाले घरों में बिजली के पंखे चल रहे हैं, जो नर-नारियों की पसीने से रक्षा करते हैं। अमीरों के यहाँ वातानुकूलन यंत्र लगे हैं। समर्थ जन गरमी से बचने के लिए पहाड़ी स्थलों पर चले जाते हैं और ज्येष्ठ की तपती दोपहरी पहाड़ की ठंडी हवाओं में बिताते हैं। प्यास बुझाने के लिए शीतल पेय है बर्फ और बर्फ से बने पदार्थ ग्रीष्म के शत्रु और लोगों के लिए वरदान हैं।

(1) **गरमी के प्रकोप से बचने के लिए किसने उपाय खोज निकाले हैं?**
(क) मछलियों ने
(ख) जानवरों ने
(ग) मनुष्यों ने
(घ) इन सभी ने

(2)**अमीरों के यहाँ क्या लगे हुए हैं?**
(क) वातानुकूलन के यंत्र
(ख) भूकंपरोधी यंत्र
(ग) परीक्षण यंत्र
(घ) उपर्युक्त सभी

(3)**समर्थ जन गरमी से बचने के लिए कहाँ चले जाते हैं?**
(क) हिमालय पर
(ख) शिमला
(ग) पहाड़ों पर
(घ) कन्याकुमारी

(4)**प्यास बुझाने के लिए क्या है?**
(क) पानी

(ख) शीतल पेय
(ग) घड़े का जल
(घ) फ्रिज का जल

**(5)गरमी में आम लोगों के लिए क्या है?**
(क) बर्फ और बर्फ से बने पदार्थ
(ख) शीतल पेय
(ग) पानी
(घ ) प्याऊ

## रचनात्मक लेखन -

**अनौपचारिक पत्र**

1. अपनी सहेली को उसके जन्म दिन पर न पहुँच पाने का कारण बताते हुए पत्र लिखिए।
2. छोटे भाई को परीक्षा में सफलता पाने पर बधाई पत्र लिखिए।
3. वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छोटी बहन को बधाई देते हुए पत्र लिखिए।
4. अपने मित्र को नव वर्ष पर शुभकामना पत्र लिखिए |
5. अपनी सखी को अपनी बड़ी बहन के विवाह पर आमंत्रित करते हुए पत्र।

**अनुच्छेद लेखन**

1. परिश्रम की महिमा
2. मैं पर्यावरण रक्षक हूँ ।
3. स्वास्थ्य ही धन है।
4. पढ़ेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया
5. आधुनिक शिक्षा प्रणाली

**चित्र वर्णन –**

1.



2.



3.



4.

